पोवार
महेन पटले

गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।

गुरुर्साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

****

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ।

निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

शुक्लां ब्रह्मविचारसारपरमामाद्यां जगद्व्यापिनीं
वीणा-पुस्तक-धारिणीमभयदां जाड्यान्धकारापहाम्।
हस्ते स्फाटिकमालिकां विदधतीं पद्मासने संस्थिताम्
वन्दे तां परमेश्वरीं भगवतीं बुद्धिप्रदां शारदाम् ॥

लेखन व शोध
इंजि. महेन पटले

विक्रम संवत २०७८
अंग्रेजी वर्ष २०२१
भारत

अनुक्रमिका

प्रस्तावना

इतिहास सागर के समान है, जिसमे अध्ययन स्वरुप गोते लगाने से हमे तथ्य / जानकारी स्वरूप अनमोल सम्पदा प्राप्त होती है !

अनेको ग्रंथ, दस्तावेज, लेख, काव्य, कहावते , ख्यात , रेकॉर्ड्स , कहानिया , समाज संस्कृति आदिके अध्ययन व् संदर्भो के आधार पर यह किताब लिखकर ऐतहासिक जानकारिया प्रस्तुत करने का यह एक प्रयत्न है !

यह एक लोक समूह की प्राचीन काल से लेकर आजतक की समय यात्रा का वर्णन है तथा एक अध्ययन या अवलोकन मात्र है ! इतिहास के अध्ययन के दृष्टिकोण से, इतिहास सबंधित अनेको तथ्यों के संदर्भो को जैसे के वैसे मूल रूप में , एक जगह संकलन कर, एकत्रित रूप में इस पुस्तक में प्रदर्शित किया गया है ! इस किताब में पोवार इतिहास के सन्दर्भ में इतिहासकारों के विचारो को भी यहा प्रस्तुत किया गया है !

आशा है की इतिहास में रूचि रखने वाले लोगो के लिए एक रुचिपूर्ण व ज्ञान मय प्रस्तुती साबित होगी ......

महेन पटले

अध्याय१- नाम व् इतिहास

वर्तमान के ज्यादातर नामो , संज्ञाओ के पीछे भूतकाल की घटना , व्यक्ति , वस्तु , क्षेत्र , आचार विचार से सम्बन्धित कोई न कोई तथ्य अवश्य छुपा होता है , बहुतसे शब्दों में , नामो में इतिहासभी समाहित होता है! जब कोई नाम इतिहास में प्रख्यात व्यक्तित्वों से जुडा पाया जाता हो, तो इन नामो के बारे में जाननेकी मनमे उत्सुकता होती है ! समुदाय के लिए उपयोग में लाये गये शब्द यानि नाम भलेही आज अपभ्रंशित रूपोंमें विद्यमान हो , परन्तु उनका अस्तित्व प्राचीन होता है! काफी नामोकी , शब्दोंकी जड़े अतीतके पन्नोमें जुडी होती है !

इन शब्दों की अपनीही यात्रा होती है और उस यात्रा की दूरी का माप होता है समयकाल । निश्चित तौर पर, शब्द के यात्रा की शुरुवात कही से तो हुयी होती है । शब्द की यात्रा कितनी लंबी है, इसका उत्तर तो इतिहास में ही छिपा होता है । इतना पक्का है कि शब्द व इतिहास में सम्बंध जरुर है । इसी कारण शब्दों से इतिहास उजागर होने में मदद मिलती है । कुछ शब्द वर्तमान में समझनेके लिए स्पष्ट होते है और कुछ शब्द भूतकाल की तुलना में अस्पष्ट , अपभ्रंषित लगते है । हम शब्दोंके अपभ्रंशों को कई बार जान भी नही पाते । जो वर्तमान में है वही सही लगते है । कई शब्द प्राचीन शब्दो के नए रूप होते है । इतिहास को जानने के लिए प्रचलित व अतीत के शब्द इन दोनों की मदद मिलती है !

साम्राज्यों के उदय व उनके पतन की कहानी की तरह ही, समुदायों के उत्थान व पतन की कहानी भी अवश्य होती है ! भूतकाल के अनुभवों से ही हम वर्तमान को सँवार कर भविष्य को उज्ज्वल बना सकते है ! ऐसे

में हमे अपने अतीत के उन पन्नो को खंगालना आवश्यक है जो हमे सदा सीख , आत्मविश्वास , अनुभव स्वरूप सम्पति व् ज्ञान प्रदान करते रहेंगे!

भारत भूमि के महान व्यक्तित्व जैसे योगी भृतहरी , सम्राट विक्रमादित्य, राजा मुंज , राजा भोज , राजा जगदेव पँवार आदि जन श्रुतियो में प्रख्यात है ! वे लोकोक्तियों ,कहावतो में जनमानस के बीच प्रसिध्द है ! उनके वंशको पोवार , पंवार या परमार आदि नामो से पहचाना जाता है ! इस वंश को अग्निजनित यानी अग्निवंश के चार समूहों में से एक कहा गया है ! अग्निवंश की अग्नि से उत्पत्ति की कहानी बतायी जाती है ! कुछ इतिहासकारोंने अग्नि वंशके अग्निसे अद्भुत प्रगटीकरन के रहस्य के भिन्न भिन्न कारण बताये है , तो कुछ इतिहासकारों ने पंवारो को विदेशी कहकर कहानी के रहस्य को सुलझानेकी कोशिश की ! परन्तु इस मामले में पुनर्विचार की आवश्यकता है ! वंश को प्रमार परमार के साथ साथ पंवार या पोवार कहा गया है इसीमे रहस्य की कुंजी है !

मानव इतिहास में अनेको राजवंश , सत्ताधारी आये व गये ! कुछ के नाम इतिहास में अंकित हुए और कुछ समयकी यात्रामें विलीन हो गये! जिनके नाम अंकित हुये उनको हर युग में वर्तमान सदा जानने की कोशिश करता रहा है ! जो काव्यो में , कहावतो में , लेखो में अंकित हुए, उनका अस्तित्व शब्द रूपोंमें मानो अमर ही हो गया ! वे क्यों अमर हुए , क्या कारण था जो सहस्त्राब्दियो तक लोगो में उन्हें प्रिय या अप्रिय बना गया , यह जानने योग्य तथ्य है ! इन तथ्यों के द्वारा मनुष्य समुदाय सदा मार्गदर्शित होता रहेगा ! कोई श्रेष्ठ , उत्तम , प्रतिष्ठित क्यों कहलाया व कोई दुष्ट , अधम क्यों कहलाया इसके पीछे कुछ तो

कारण है जो, जानने योग्य है ! हम वर्तमान में भूतकाल से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े तो अवश्य ही कुछ अच्छे भविष्य का निर्माण होगा !

जम्बुद्वीप में हमे जितना मानव इतिहास पता है वह ग्रंथो के द्वारा पता चलता है ! जो हुआ था उसका वर्णन काव्यो के रूप में हुआ ! काव्यो को कंठस्थ करना आसान होता है इसीलिए जो लिखा गया वह काव्य रूप में रचा गया ! श्लोक , ऋचाये , मन्त्र , काव्य आदि सबका गायन किया जा सकता है ! इन काव्यो के गायन व लेखन के द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी ग्रन्थ प्रवाहित होते रहे है ! उस समय की परिस्थिति , सोच , मनुष्य की जीवन शैली भी इन्ही से जानी जा सकती है !

भारत के आर्य भारत के उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में पायी गयी सभ्यता के ही लोग है ! आवागमन , स्थानान्तरण जरूर हुआ है ! भारतीय सभ्यता काफी दुरतक फैली हुयी थी यह भी पक्का है ! क्योंकि भारतीय सभ्यता से पूर्व यूरोप या पश्चिम एशिया की सभ्यताओ में कुछ साम्यता, भाषाओ में शब्दों का लेन देन , श्रीराम श्रीकृष्ण की कहानियो का अलग रूपों में सुदूर अस्तित्व, राजा भोज की मंगोलियन कहानिया , पंचतन्त्र की ताज्किस्थान में कहानिया होना दर्शाता है की सभ्यताओ का आदान प्रदान हुआ तो है , भलेही फिर वह आदानप्रदान व्यापारिक कारणों से हुआ हो या स्थानान्तरण के द्वारा हुआ हो ! एक प्रकार से देखा जाये तो समूचा मानव समुदाय किसी न किसी रूप से जुडा हुआ है परन्तु समय के साथ अलग अलग सभ्यताए बनी और बिघडी ! संस्कृति बनी व मिश्रित हुयी ! कुछ सभ्यताओ ने काफी लम्बे समय तक अपने अस्तित्व को टिकाये रखा ! जो अच्छा है वह बना रहना चाहिए और विकसित , संवर्धित , संरक्षित भी होना चाहिए ! इसलिए हमे इन समुदायों की सभ्यता के अस्तित्व को जानने की आवश्यकता है !

अध्याय२- प्राचीन अस्तित्व

भारत का ज्ञात इतिहास जो किसी न किसी रूपमें हमे प्राप्त होता है वह प्राचीन वैदिक काल तक हमे ले जाता है ! प्रारम्भिक वैदिक काल हमे प्रकृति के प्रति , सृष्टि के निर्माण के प्रति, मनुष्य के चिंतनको दर्शाता है! प्रकृति में व्याप्त शक्तिया मनुष्य को प्राचीन समय से आकर्षित व आश्चर्यचकित करते आयी है !

भारत में **वैदिक काल**में जिन वेदों की रचना हुयी उनमे **ऋग्वेद** सबसे प्राचीन माना जाता है ! ऋग्वेद में **अग्नि** को विशेष स्थान दिया गया है **!** **अग्नि स्तुति** से ही ऋग्वेद की शुरुवात होती है !

ऋग्वेद का पहला श्लोक -

ॐ अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्। होतारं रत्नधातमम् ॥1॥

अर्थात - यज्ञ के पुरोहित, दीप्तिमान्, देवों को बुलानेवाले ऋत्विक् और रत्नधारी अग्नि की मैं स्तुति करता हूँ।

ऋग्वेद में अग्नि की स्तुति में अनेक श्लोक विभिन्न सूक्तो में है ! प्रकृति में अग्निके विशेषता को दर्शाते अनेक मन्त्र ऋग्वेद में रचे गये है ! अग्निस्तुति में मन्त्र द्रष्टा ऋषियों द्वारा ऋग्वेद की ऋचाये रची गयी ! ऋग्वेद की अग्नि स्तुति करने वाली **ऋचाओ के रचियता** ऋषियों ने ऋग्वेद में **अग्नि का आवाहन** किया है ! सप्तर्षि व ऋग्वेद की ऋचाओ की रचना करनेवाले अन्य ऋषियों को **प्रवर ऋषि** कहा गया है !

वैदिक काल के बाद विभिन्न वंश , समुदाय अपना सम्बन्ध या अपने वंश की पहचान प्रवर ऋषियों के नाम उनके नामो के साथ जोड़कर दर्शाते हुए प्राचीन ग्रंथो में दिखाई पड़ते है ! ऋग्वेद को रचने वाले ब्रम्ह

वेत्ता ऋषियों को भारत की प्राचीन सभ्यता में बहुत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है ! उन्हें श्रेष्ठतम माना गया है ! **"प्रवर" यह शब्द समय के साथ उत्तमता , श्रेष्ठता , ज्ञानवानो की व्याख्या बन गया** !

संस्कृत साहित्य में **प्रवर शब्द** का उपयोग **श्रेष्ठ , उत्तम , प्रतिष्ठित , उच्च, मुख्य, प्रधान , गुणवान,विद्वान्, प्रख्यात** उल्लेखित करने के लिए हुआ है ! प्रवर का समानांतर प्राचीन शब्द है **पौर** ! ऋग्वेद के पांचवे मंडल के ७४ व् ७५ वे सूक्त में **पौर** यह शब्द भी मिलता है जो ऋचा रचने वाले ऋषि के लिए कहा गया है ! **प्रवर** शब्द का उल्लेख अनेक प्राचीन ग्रंथो में पाया जाता है ! प्राचीन ग्रंथो में **महान राजाओ को , ऋषियों को ,श्रेष्ठ योध्दाओ , विद्वानों को प्रवर इस** विशेषण से उल्लेखित किया गया है ! भारत के मुख्य ग्रन्थ जैसे रामायण , महाभारत , पुराण , उपनिषद व अनेक अन्य ग्रंथो में प्रवर शब्द का उपयोग हुआ मिलता है !

पहले प्रवर ऋषियों के वंशज अपने पूर्वजो का नाम यानी प्राचीन प्रवर ऋषियों का नाम अपने नामो के साथ जोड़ते थे ! प्रवर वंशीय व्यक्ति के नाम के साथ वंश में नामांकित प्रवर पूर्वज का नाम लिखना व्यक्ति के परिचय का एक भाग था !

समय के साथ साथ जन भाषाओ में मूल नाम प्रवर जरुर थोडा थोडा परिवर्तित होते रहा !

वेदकालीन प्रवर ऋषियों के वंशजो ने प्राचीन समय में धर्म व निति की रक्षा के लिए क्षत्रियत्व धारण किया! प्रवर ऋषियों के वंशज **प्रवर क्षत्रिय** बन गए ! अनेक राजवंश प्रख्यात हुए जिन्हें प्रवर कहा गया है !

ग्रीक इतिहास के अनुसार अलेक्ज़ांडर के समय में उत्तर पश्चिम भारत यानि आजके पाकिस्थान , अफगानिस्थान , भारत के पंजाब,

राजपुताना , कश्मीर उत्तर पश्चिम भारत में के अनेको प्रान्तों में **प्रवर क्षत्रिय** राजाओं का साम्राज्य फैला हुआ था ! करीब ६०० छोटे बड़े राजाओ का उल्लेख पश्चिमी इतिहास से मिलता है ! अलेक्जेंडर का सामना दो प्रवर राजाओ से होता है ऐसा उल्लेख मिलता है , जिन्हें पश्चिम के इतिहास की किताबो में **पौवार राजा** लिखा मिलता है ! टोलेमी द्वारा लिखित ग्रीक भाषा के ग्रंथो में इन राजाओ को Poruaroi / Porvarai **पोरुआराय** / पोर्वाराय कहा गया है ! यह पोरुआराय यानि **संस्कृत शब्द प्रवराय** का ही **ग्रीक** भाषीयो द्वारा किया **सम्बोधन** है ! उस समय की प्रचलित जन भाषाओ में पौवार या पौवाराय यह शब्द प्रचलित रहा हो सकता है ! तभी प्राचीन इतिहास में **पौवारा साम्राज्य** का उल्लेख मिलता है ! यह प्रवर राजाओं का साम्राज्य ही था जिसे पौवारा साम्राज्य कहा गया है ! इस साम्राज्य की राजधानी प्राचीन **अवन्तीका या उज्जयनी / उज्जैन** थी जिसे ग्रीको ने **ओजेन** लिखा है! विदेशियों द्वारा अनेक संस्कृत शब्दों का अपभ्रंश हो गया जो शब्द बाद में जन मानस में प्रचलित भी हुऐ , जैसे अंग्रेजो द्वारा उपयोग में लाये अनेक शब्द आज हमारे लिए अपने हो चुके है ! भारत में भाषाओ का मिश्रण हुआ है ! और संस्कृतियों का भी मिश्रण हुआ है !

पश्चिमी इतिहास में दूसरी सदी में टोलेमी द्वारा लिखित **प्रवराय** का अपभ्रंश **पोरुआराय या पोर्वाराय यह शब्द** पोवार इस प्रचलित नाम का सबसे प्राचीन सन्दर्भ है ! इसके बाद ११ सदी के बाद के संदर्भो में इस नाम का उल्लेख मिलता है जो **प्रवांर , पांवार , पंवार** , **पावार** जैसे स्वरुप में है ! पिछले ८०० साल के दरम्यान मिले अनेक इतिहास के ग्रंथो , किताबो , ख्यातो , काव्यो , लेखो , दस्तावेजो में **पोवार / पंवार / पँवार** इन शब्दों का उल्लेख मिलता है ! आज भी **पोवार या पंवार** यह नाम एक समुदाय की पहचान है ! समय के साथ **प्रवर से पोवार** तक

का सफर भी अपने आप में इतिहास समेटे हुए है ! प्राचीन प्रवर वंशियो की पहचान आज पोवार शब्द से होती है !

संस्कृत शब्द प्रवर को समय के साथ प्रवर , प्रवार , प्रावारः , प्रोवार , पौवार , पोवार ऐसा स्वरुप प्राप्त हुआ ऐसा समझ पड़ता है ! यह परिवर्तित शब्द संस्कृत से प्रभावित है! वही दूसरी ओर **प्राकृत व पाली** भाषाओ में **प्रवर को पवर** कहा गया है **! पवर से पवार** जैसे अपभ्रंश **प्राकृत , मराठी** भाषा साहित्य में पाए जाते है !

संस्कृत के शिला लेखो, ताम्र लेखो , काव्यो में **प्रवर , प्रवरो , प्रवराय आदि शब्दों का उपयोग अनेको जगह विशेषतः हुआ है !**

इन प्रवर वंशीय यानि जिन्होंने अपने प्रवर याद रखे व जो स्वयम उत्तम, गुणवान है उन को **ब्रम्ह क्षत्र** भी कहा गया है क्योंकि वे **शास्त्र के साथ शस्त्र**को धारण किये हुए थे ! यह वे लोग थे जो तिलक , जनेऊ , शिखा धारण करके हाथो में शस्त्र लिए रण भूमि में अपने रण कौशल से धर्म व जन मानस की रक्षा का कर्तव्य निभाते थे !

क्षत्रियो के एक समुदाय ने **प्राचीन प्रवर** होने की पहचान को **एक "प्रकार"** के रूप में अपनाया और अपने ब्रम्ह **क्षत्रिय समुदाय** के **प्रकार** को **'प्रवर क्षत्रिय'** कहा ! प्रवर शब्द कालांतर में **पोवार** बना,जो एक **प्रकार** था! इस प्रकार ने पिछले कुछ सदियों में एक विशिष्ट **जाती**का रूप ले लिया है !

इस प्रकार वर्तमान में पोवार एक समुदाय है जिसकी जड़े प्राचीन समय में मिलती है ! **पोवार का संस्कृत अर्थ मुलत: प्रवर होता है !**

प्राचीन प्रवर यानि आज के पोवारो के परिवर्तित नाम भी मौजूद दिखाई पड़ते है जो समय के साथ जुड़े ! परिवर्तित शब्द कैसे जुड़े यह भी हमे जानना होगा ! इन जुड़े हुए नामो की जानकारी हमे जनश्रुतियो , लोकोक्तियों , शिलालेखो से , काव्यो से , पोथियो से प्राप्त होती है ! इतिहास के दस्तावेजो में , भाटो की पोथियो में पोवारो को परमार / प्रमार भी कहा गया है और इसके पीछे अनेक कहानिया भी प्रचलित है ! यह कहानिया पिछले १२०० सालो के दरम्यान प्रख्यात हुयी व शिलालेखो में , ताम्र लेखो में , काव्यो में लिखी गयी ! हांलाकि अत्यंत प्राचीन ग्रंथो में इन कहानियों का उल्लेख नही मिला ! इन कहानियों के पीछे एक इतिहास समझ आता है वह कुछ इस प्रकार है --

भारत के रामायण , महाभारत व् अन्य अनेक ग्रंथो की माने तो प्राचीन काल में बहुतसे आततायी क्षत्रियो का विनाश जमदग्नि पुत्र ऋषि परशुराम ने किया ! हालाकि प्रवर यानि उत्तम व् धर्म के मार्ग पर चलने वाले सूर्यवंशी राजाओ से उन्होंने युध्द नही किया ! यह बात त्रेतायुग में राजा जनक की सभा में श्रीराम के सामने उनकी उपस्थिती व् उनको आशीष देने से समझ आती है ! इसका स्पष्ट अर्थ है की ऋषि परशुराम व् उनकी सेना ने प्रवर क्षत्रियो का विनाश नही किया था ! ऋषि परशुराम ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे ! जमदग्नि सप्तर्षियो में से एक है! प्रमारो या पोवारो की वंशावली के शुरुवात में सप्तर्षि है ! यह सम्भव है ऋषि परशुराम की सेना दरअसल प्रवर क्षत्रियो की सेना रही हो ! सुर्यवंश की शाखाए भारत में सदा से विद्यमान रही ! उनका प्रभुत्व कम ज्यादा होता रहा ! सूर्य वंशीय जिन्हें इक्ष्वासु वंशीय या रघु वंशीय कहा गया है उन राजाओ को भी वाल्मीकि रामायण में प्रवर राजा कहा गया है ! इक्ष्वासु वंश को प्रवर कहा गया है क्योंकि वे उत्तम तो थे ही साथ ही उनके पूर्वज भी प्रवर ऋषि थे !

सुर्यवंशीयो को पँवार भी कहा गया है ! राजस्थान की पुरानी नाटको में राजा हरिश्चंद्र एक संवाद में स्वयं को पँवार कहते है ! इतिहासकार जेम्स टॉड राजा मान्धाता को पँवार या प्रमार कहते है ! राजा मान्धाता श्रीराम के पूर्वज थे ! रोहतक शहर को प्राचीन समय में राजा हरिश्चंद्र के पुत्र रोहिताश्व द्वारा बसाया गया ऐसा दस्तावेजो लिखा मिलता है ! पुराने गज़ेटियरो में रोहिताश्व पौवार राजा होने की बात लिखी मिलती है ! सूर्यवंशियो को पँवार क्यों सम्बोधित किया गया क्योंकि वे प्रवर क्षत्रिय थे ! सन १५८५ के दरम्यान अबू फज़ल द्वारा लिखित आईने अकबरी में संकलित इतिहास में वे मेवाड़ घराने के संस्थापक राजा कनकसेन को पंवार जाती का लिखते है ! अन्य संदर्भो में राजा कनकसेन अयोध्या के श्रीराम पुत्र लव के वंशज होने की बात लिखी मिलती है ! यानि सूर्यवंशी राजा कनकसेन पंवार थे! राजा कनकसेन के वंश में राजा शिलादित्य हुए जिनको पंवार राणी पुष्पावती से गुहादित्य नामक पुत्र हुए ! उनके नाम से गुहिलोत वंश प्रसिध्द हुआ ! इसी वंश में राणा प्रतापसिंह हुए !

पँवार वंशीय सम्राट विक्रमादित्य जिन्होंने विक्रम संवत शुरू किया , वे भी श्रीराम को अपना पूर्वज मानते थे ! सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा प्राचीन अयोध्या की खोज करने की बात कही जाती है ! उस खोज में उन्हें प्राचीन काल का प्रयाग शहर मिल गया ऐसा कहा जाता है ! राजा भोज सम्राट विक्रमादित्य को अपना पूर्वज मानते थे ! राजा भोज के चाचा राजा मुंज को उनके समय के **कवी हाल** अपनी काव्य कृति **"पिंगला सूत्र वृत्ति"** में ब्रम्ह क्षत्रिय होने की बात करते है ! शिलालेखो में भी उन्हें ब्रम्ह क्षत्र कहा गया ! यानी जो शस्त्र व शास्त्र को धारण किये हो ! इतिहासकार सी व्ही वैद्य , दशरथ शर्मा व अन्य अनेको इतिहासकारों के अनुसार ब्रम्ह क्षत्र यानि वे जो पहले ब्राम्हण थे व बादमे क्षत्रिय बन गये! दरअसल वे प्रवर ऋषियों के वंशज थे जिन्होंने

शस्त्र उठा लिए थे ! वे कालान्तर में पंवार या पोवार कहलाये ! राजा भोज पोवार होने की बात पोवार समुदाय के बड़े बुजुर्ग तथा इतिहासकार कहते है !

आज से करीब २५०० साल पहले धर्म की ध्वजा फहराने उससमय विद्यमान प्राचीन क्षत्रिय अर्बुदागिरी पर एकत्रित हुए ! अनेको संदर्भो के अनुसार बहुत बड़े यज्ञ का आयोजन हुआ था ! इस यज्ञ में धर्म स्थापना व रक्षा का प्रण लिया गया! अनेको योध्दाओ ने इस कार्यकी जबाबदारी ली ! इस मोहिममें सभी प्रवर क्षत्रिय शामिल थे !

इस यज्ञ में चार समूह बने थे ! प्रचलित काव्यो , लेखो के अनुसार चार समूहों के नाम चहुआन या चौहान , प्रतिहार या परिहार , पँवार या प्रमार/परमार व चालुक्य या सोलंकी ऐसे थे ! इन योध्दो समूहों ने पुनः भारत में काफी हदतक प्राचीन सनातन धर्म स्थापित किया !

सन १५८५ के दरम्यान अबू फज़ल द्वारा लिखित आईने अकबरी में भारत से ही संकलित इतिहास व् अन्य संदर्भो का अवलोकन करे तो निष्कर्ष निकल आता है की धनजी या धुमराज वह मुख्य नेता था जिसने आबू के यज्ञ में धर्म रक्षा का प्रण लिया था और वह प्रमार इस उपाधि नाम से प्रसिध्द हुआ था ! उसके वंश में पुत्रराज या पुतराज हुआ जो निपुत्रिक अवस्था में मृत्यु को प्राप्त हुआ ! तब प्रवर क्षत्रिय सभासदों ने आदित्य पोवार को उनका नेता माना जो मालवा का प्रवर क्षत्रिय योध्दा था ! आदित्य पोवार धुमराज प्रमार के सिंहासन पर बैठा और उसीके वंश ने आगे धारानगर , उज्जैन व् अन्य स्थानों पर शासन किया ! इसी कारण आदित्य पोवार के वंश को पोवार के साथ प्रमार भी कहा गया !

करीब २३५० साल पहले भारत पर अलेक्जेंडर का आक्रमण हुआ था ! भारत की शक्ति के सामने हतोत्साहित सिकंदर अपनी सेना के साथ लौट गया था परन्तु उसके कुछ सैन्य व अधिकारी इधर रुक चुके थे जो बादमे भारत में ही बस गये ! सीमा वर्ती क्षेत्रो से जनमानस का स्थलांतरण हुआ ! बड़े साम्राज्यों का पतन हुआ ! इसी बीच शको और हूणों के आक्रमण भी हुए ! भारतीय जनमानस के लिए बड़ी त्रासदी का दौर था ! चाणक्य से प्रेरित चन्द्रगुप्त मौर्य ने मगध पर अपना शासन स्थापित किया ! उनके वंश में सम्राट अशोक हुए जो बाद मे बौध्द धर्मावलम्बी हो गये थे! युध्द लड़ने की अनिच्छा व अहिंसा के प्रचार के कारण आक्रांताओ के लिए भारत में प्रस्थापित होने के लिए नये मार्ग खुल गये थे ! शक, यवन व हूणों ने बड़े भूभागो पर कब्जा कर लिया था ! भारत एक प्रकार से परतंत्र में था ! शक और हूणों की जड़े काफी क्षेत्रो में फैल चुकी थी ! तब उज्जयनी के प्रमार सिंहासनाधिश आदित्य पोवार के वंशज परम प्रतापी सम्राट विक्रमादित्य ने सबको पुनः एक बार संघटित कर भारत से शको को हटाकर विक्रम संवत की शुरुवात आज से करीब २०७८ साल पहले की !

संस्कृत श्लोको में प्रवर क्षत्रिय समुदाय के लिए प्रवर के बजाये प्रमार , प्रमर या परमार लिखा मिलता है ! परमार यानि पर + मार - दुष्ट परकीयो को मारनेवाले !

समय के साथ संस्कृत नाम **प्रमर या परमार + प्रवर का मिला जुला** स्वरुप जनमानस में प्रचलित हुआ और वह है **पँवार या पंवार** !

११ वी १२ वी सदी के पंडितो द्वारा संस्कृत शिलालेखो में परमार या प्रमार कुल के प्रवर लिखे मिलते है ! इस समुदाय के लोगो के लिए कही एक प्रवराय, कही त्रि प्रवराय तो कही किसीको पंच प्रवराय भी

कहा गया है! यानि किसी के वंशावली में मात्र एक ही पूर्वज प्रवर ऋषि थे तो किसी के वंशावली में तीन पूर्वज प्रवर ऋषि थे तो किसी के पांच पूर्वज प्रवर ऋषि थे ! १३ वी सदी तक इन्हें अपने प्रवर पूर्वज अच्छे से याद थे , बाद में इस्लामिक आक्रमणों के दौरान उथलापुथल, बारम्बार हो रहे विस्थापन के कारण वे मात्र इतना याद रख पाए की वे **प्रवर है और वे प्रवर पूर्वजो के वंशज** है ! **संस्कृत जन भाषा न होने से** प्रवर की बजाये तत्कालीन भाषाओ में वे अपने समुदाय को प्रवार से **पांवार, पोवार, पँवार, पंवार क्षत्रिय** आदि कहते थे ! काव्यो में , लोकोक्तियो में, ख्याती में , लेखो में उनका **पृथ्वी बड़ा पँवार** इस कहावतो के जरिये गुणगान होता रहा है !

प्रचलित कहानियों के अनुसार पंवार क्षत्रिय जाती के एक नामांकित राजवंश के प्रवर वशिष्ठ थे जिसे उनका गोत्र भी कहा गया है ! अलग अलग प्रवर या पंवार क्षत्रियो के अलग अलग प्रवर है ! ज्यादातर सभी सप्तर्षि व् अन्य मुख्य ऋषि है ! जिनको याद नही रहा वे कश्यप गोत्र बताते है ! हालाकि गोत्र के साथ साथ सबके अपने प्रवर पूर्वज भी है ! वर्तमान में प्रवराय समुदाय के लोग प्राचीन प्रवर पूर्वजो को भले ही भूल गये हो परन्तु उन्होंने **स्वयम का प्रकार "प्रवर"** यानि हाल के सदीयो **में "पोवार या पंवार"जाती या प्रकार को** बनाये रखा !

प्राचीन वेदकालीन प्रवर लोग अग्निपूजक थे ! सम्भवत: पंवारो को अग्नि वंशीय कहने का यही कारण है ! मध्य भारत में बालाघाट ,गोंदिया , सिवनी , भंडारा जिला क्षेत्र में धारानगर से सन १७०० के बाद आये पंवारो के ३६ कुलो में से करीब ३० कुल या परिवार बसे हुए है ! आज भी उनके यहाँ प्रत्येक पूजा में अग्नि का विशेष महत्व है ! पोवार बहुल ग्रामीण क्षेत्रो में जहा आज भी संस्कृति जीवित है वहा वे पारम्परिक रूप

से प्रतिदिन नहाकर चूल्हे के पूजन के बाद ही स्वच्छ किये चूल्हे में अग्नि प्रज्वलित करते है ! अन्न पकाने के बाद चूल्हे की अग्नि में अन्न का थोडासा भाग समर्पित करते है ! अन्न ग्रहण करने के पहले अग्नि पर नैवेद्य देते है ! वे हर पूजा में अग्नि को नैवेद्य के रूप में अन्न समर्पित करते है ! यह परम्परा दर्शाती है उनके जीवन में अग्निपूजनका महत्व है ! यह वर्तमान की प्रथाए प्राचीन सभ्यता , रिती के अंश है !

हालाकि अग्निवंशी कहने का कारण यज्ञ की अग्नि के द्वारा प्रागट्य भी कहा जाता है ! अग्नि से प्रगट होने वाली बात आजके वैज्ञानिक युग में थोड़ी अस्वीकार्य लगती है ! काफी इतिहासकारों के अनुसार अग्नि यज्ञ में धर्म स्थापना की प्रतिज्ञा ली गयी थी! पंवारो के उत्पत्ति की अनेक कहानिया प्रचलित है ! एक कहानी के अनुसार प्राचीन समय में ब्रह्मर्षि वशिष्ठ ने विश्वामित्र से युध्द के लिए कामधेनु से प्रार्थना कर जिन वीरो का आव्हान किया था वे यज्ञ अग्नि से प्रगट वीर योध्दा अग्निवंशी थे ! एक कहानी में दुर्जनों के नष्ट करने हेतु अर्बुदागिरी पर हुए यज्ञ में देवताओ द्वारा चार वीर प्रगट किये गए ! कोई आदि शक्ति द्वारा, तो कोई ब्रम्हा द्वारा , कोई भगवान शिव द्वारा , कोई इंद्र द्वारा चार अग्नि वंशीय वीरो की उत्पत्ति की कहानी बताते है ! अगर भाट लोगो द्वारा परम्परागत रूप से लिखीत पोवारो की पोथियो की बात करे तो उन्होंने अग्निवंशियो की उत्पत्ति भगवान विष्णु से बताई है ! भाटोने अग्निवंशियो को आदिशक्ति की कृपा से प्राप्त सप्तर्षियो के वंशज बताया है ! अग्निवंश के चारो समूहों में प्रवर क्षत्रीय शामिल है ! चौहान , परिहार , बघेले , चालुक्य , राणा आदि कुल पँवारो में होना यही दर्शाता है की चारो समूहों में प्रवर क्षत्रिय शामिल थे ! पिछले १२०० साल में संस्कृत भाषी पंडित , भाट आदि लोग पंवारो या पोवारो को प्रमार या परमार लिखते आये है ! हालांकि प्राचीन वैदिक व् पौराणिक साहित्य में प्रवर

शब्द मिला परन्तु प्रमर शब्द का कही भी उल्लेख नही मिला ! अगर परमार यह समुदाय का नाम १२०० साल पहले मौजूद था तो प्राचीन ग्रंथो में होना चाहिए था , परन्तु ऐसा नहीं है !

पंवार ज्यादातर सिंध , मध्य भारत , मालवा, राजपुताना आदि क्षेत्रो में बसे थे ! वही से अन्य जगहों पर समय के साथ फैले ! पोवारो की कहानी वैदिक काल से वर्तमान तक ज्ञात होती है ! अचानक प्रगट होने से उनका अस्तित्व मात्र २५०० साल पुराना होना यह बात अवैज्ञानिक लगती है ! वे २५०० साल पहले भी इधर मौजूद थे ! पोवारो या परमारों के अस्तित्व की यात्रा उसी समय से है जब संसार में जीवन की शुरुवात हुयी ! वह एक समूह है जो उन्नत हुआ, जिसने ज्ञान, विज्ञानं , ऐश्वर्य , धर्म , निति , शौर्य के साथ जीवन व्यतीत किया, आदर्शो की रचना की ! इतना तो पक्का है की कमसे कम पिछले ५००० सालो से पोवारो का शक्तिशाली अस्तित्व भारत भूमि में निश्चित रूप से है और वह भी प्रभावशाली अतीत के साथ ! और ५००० साल पहले के किसी के   भी इतिहास की पुख्ता जानकारी हासिल नही !

पंवार क्षत्रियो को पंवार राजपूत भी कहा गया है ! कुछ इतिहासकार पंवार या प्रमार राजपूतो को ५ वी या ६वी सदी में आये विदेशी आक्रमणकारी समझते है तो कुछ इतिहासकार उनको ग्रीक या हुण कहते है जो भारत में बस गये ! सम्भवत: वे इनके गौर वर्ण के कारण कहते हो ! परन्तु यह सत्य नही ! काफी जगह उल्लेख आता है की आर्य गौर वर्णीय थे , इस कारण पंवारो का गौर वर्णीय होना उन्हें विदेशी होना साबित नही करता ! दुसरी सदी के दौरान ग्रीक इतिहास में पोरुआराय लिखा मिलना बताता है की उस समय प्रवराय राजाओ का शासन था ! पौवारा साम्राज्य की बात भी यह बताती है की यह पोवार

वंशीय ईसा पूर्व से मौजूद थे ! इस कारण ९ वी या ६ वी सदी में आने की बात गलत हो जाती है !

दूसरी बात पंवारो में प्राचीन ऋषियों के कुल नाम होना यह दर्शाता है की वे प्राचीन समय से मौजूद लोग है ! पंवारो के कुल संस्कृत शब्द के मूल नाम है, तो कुछ संस्कृत शब्द के अपभ्रंश , इस बात से यह पता चलता है की पोवार या पंवार प्राचीन समुदाय के वंशज है !

इस वंश या जाती के लोग करीब चार देशो में मुख्यतः पाए जाते है ! वे देश है भारत , पाकिस्तान , अफगानिस्थान व् नेपाल ! अनेक उपसमूह या उपजातिया भी है जो अन्य नामो से जानी जाती है, परन्तु वे अपने को पंवार , परमार बताते है ! कुछ लोग अन्य जातियों में , समुदायों में , अलग अलग धर्मो में घुलमिल गये परन्तु फिर भी पंवार, परमार वंश से अपना सबंध बताते है ! दुसरे समुदायों जातियों में मिल जाने से उनकी मुख्य जाती कुछ और होती है परन्तु उपजाती या शाखा पंवार या परमार होती है !   इसके अलावा भी कही हो तो वे अपभ्रंशित नामो के कारण अब पहचाने नही जा पाते !

प्रवर समुदाय वैदिक है ! और वह समुदाय प्राचीन समय से किसी न किसी कारणवश संसार के भिन्न स्थानों पर स्थानांतरित हुआ ही होगा ! श्री स्टेफेन क्नाप अपनी किताब Proof of Vedic Culture’s Global existence me लिखते है -“ Friar यानी प्रवर   ऋषि होता है ! संस्कृत शब्द “प्र” को ही यूरोप में “फ्र” उच्चारित किया जाता है !   वैदिक ऋषियों को संस्कृत में प्रवर: कहा जाता है ! यानि श्रेष्ठता की और अग्रेसित व्यक्ति ! यह वैदिक शब्द आज भी यूरोप में   friar के रूप में विद्यमान है ! श्री स्टेफेन वैदिक लोगो का वैश्विक अस्तित्व अनेक उदाहरण प्रस्तुत

कर अपनी किताब में बताते है ! प्रवर अग्नि पूजक थे यह भी एक तथ्य है जिससे विश्व भर यह समुदाय कहा कहा होगा यह जाना जा सकता है ! संस्कृत में प्रवर का अर्थ उत्तम होने से अनेक राजाओ को प्राचीन समय में प्रवर कहा गया है ! और यह भी एक सत्य है की सभीको प्रवर नही कहा गया बल्कि ऋग्वेदीय अग्निपूजक ऋषियों को, उनके वंशजो को , देवताओ के वंशजो को ही प्रवर लिखा मिलता है !

अध्याय में लिखित तथ्यों के संदर्भ ---

प्रवर यानि श्रेष्ठ , उत्तम , उच्च , विद्वान , गुणवान इस अर्थ को दर्शाते सन्दर्भ ----

१) श्रीदत्तात्रेयसहस्रनामस्तोत्रम् २ -श्लोक (१६)

परमस्तनुविज्ञेयः परमात्मनि संस्थितः ।
प्रबोधकलनाधारः प्रभाव ***प्रवरोत्तमः*** *।। १६।।*

---

२) **शिव सहस्त्र नाम स्तोत्रम का पहला श्लोक -**

स्थिरः स्थाणुः प्रभुर्भानुः ***प्रवरो*** *वरदो वरः.*
सर्वात्मा सर्वविख्यातः सर्वः सर्वकरो भवः || 1 ||

---

३)महर्षि वेद व्यासविरचित ब्रह्मवैवर्तपुराणका एक श्लोक --

त्वद्विधं लक्षकोटिं च हन्तुं शक्तो गणेश्वरः।
जितेन्द्रियाणां **प्रवरो** नहि हन्ति च मक्षिकाम्।।
(ब्रह्मवैवर्तपुराणगणपतिखंड 44/26-27)

ब्रह्मवैवर्तपुराणगणपतिखंडत्रयोदशोध्याय
! विष्णुरुवाच।
ईशत्वां स्तोतुमिच्छामिब्रम्हज्योतिःसनातनम्।

निरूपितुमयक्तोऽहमनुरूपमनीहकम्।४१॥
प्रवरंसर्वदेवानांसिध्दानांयोगिनांगुरूम्।
सर्वस्वरूपंसर्वेशंज्ञानराशिस्वरूपिणम्॥४२॥

चन्द्रादित्यमनूनाच्च **प्रवराः क्षत्रिया:** स्मृता:॥ `
ब्रह्मणो बाहुदेशाचैवान्याः क्षत्रीयजातयः ॥ १५॥
(ब्रह्मवैवर्तपुराणब्रम्हखंडम दशमोअध्याय:)

---

४) परशुराम स्तोत्रम श्लोक ८७ -

उर्ध्वरेता ऊर्ध्वलिङ्गः **प्रवरो** वरदो वरः ।
उन्मत्तवेशः प्रच्छन्नः सप्तद्वीपमहिप्रदः !!

---

५) वेदव्यास रचित महाभारत ग्रन्थ ,
*स्थिरः स्थाणुः प्रभुर्भानुः **प्रवरो** वरदो वरः ।*
सर्वात्मा सर्वविख्यातः सर्वः सर्वकर्म करो भव: !!

---

६) **हरिवंशपुराण पर्व ०३ - अध्याय ०५३**
नमुचिश्चासुरश्रेष्ठो धरेण सह युध्यत ।
***प्रवरौ** विश्वकर्माणौ ख्यातौ देवासुरेश्वरौ ॥ ८ ॥*

---

७) **पद्मपुराण पर्व ९५ श्लोक ०७**
*कान्तिमत्सितसदंष्ट्रौ **प्रवरौ** शरभोत्तमौ ।*
प्रविष्टौ मे मुखं मन्ये विलसत्सितकेसरौ ॥७ !!...

---

८) **वाल्मीकि रामायण आदिकाण्ड ४४ सर्ग श्लोक १८**
इयं च संततिर्देव नावसाद् कथश्चन |
*इक्ष्वासुनांकुले गच्छदेष मे **प्रवरो** वर: ॥ १८॥*

---

९) **वाल्मीकि रामायण आदिकाण्ड ७९ सर्ग श्लोक १९**
इक्ष्वाकुणां ही सर्वेषां ***वशिष्टः प्रवरो गुरुः*** *।*
तस्मादनन्तरं सर्वे भवन्तो गुरवो मम ॥ १९॥

____

१०) **नारद पंचरात्र अध्याय ६ श्लोक ७८**
विधातां जगतां ब्रम्ह , ब्रम्हेक्कान मनसः !
तत पुत्रो सी महा ख्यातो देवर्षि ***प्रवरो****महं !!*

____

११) **वेद् व्यास रचित महाभारतम आदिपर्व श्लोक ६**

पूजितः प्रवरो वंशो भृगुणाम *भृगु नन्दन ।!६!!*
इमं वंशमहं दिव्यं भार्गवं ते महामुने ।....

____

१२)**सन १९२९ में नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित** Hastalikhita Hindī Granthoṃ Kī Khoja Kā Vivaraṇa , Volume 6 **इस किताब में दिए काव्य का संदर्भ -**
लसत ***राम राजर्षि प्रवर*** *तनु कोटि काम छवि ।।*
ताही के सम सिया जनक नृप ..

____

१३) **एपिग्रपिका इंडिका वॉल्यूम २६ पृष्ठ १०५ में दिए बिजोली शिलालेख में निम्न लिखित उल्लेख आता है की**
...अंभोधिमथनाद्देवव (बोलिभिर्व (ब) लशालिभिः ॥ 29 ॥
निर्गतः ***प्रवरो वंशो*** *दै (दे)ववृंदैः समाश्रितः । ।*
श्रीमालपत्तने स्थाने स्थापितः शतमन्युना ॥

____

१४) **ओरिएण्टल इंस्टिट्यूट द्वारा प्रकाशित** Journal of Oriental Institute Volume 55-57 Page 31 **में कहा गया है की**
Vashistha is called Maharshi – Bramharshi- ***Pravarah***

____

१५) सन १९५९ में प्रकाशित किताब Source Readings on Indian Civilization, 1959 - Page 8 में लिखा है की ---

Each gotra claimed to have certain famous ancestors called the ***pravaras , " excellent ones .*** *The pravaras were , in a majority of cases , more than one and a man could name two , three or five pravaras*

____

१६) राजश्री द्वारा लिखित "संस्कृति की खोज " इस किताब के अनुसार--
मरीचि के वंश में कश्यप, वत्सर, महातपस्वी निध्रुव प्रमुख प्रवर हैं।

____

१७)संस्कृत विद्वान् समिति द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित स्कन्द पुराण यानि The SkandaPurana Part VIII Ancient Indian Tradition And Mythologyनामककिताबमेंउल्लेखहैकी – श्लोक 49-56a.

"O Arvavasu, ***you are a Pravara (excellent man****), on account of your penance*

____

१८) विश्व भर में प्रसिध्दपंचतंत्र की कहानियों में पहली ही कहानी के शुरुवात में राजा को प्रवर कहा गया है !

अस्ति दाक्षिणात्ये जनपदे महिलारोप्यं नाम नगरम् ।
तत्र सकलार्थिसार्थ-कल्पद्रुमः **प्रवर-नृप**-मुकुट-मणि-मरीचि-चय-चर्चित-चरण-युगलः

____

१९) मत्स्य पुराण में वर्णन मिलता है की"वशिष्ठ के वंशजो का एक ही प्रवर है"-
वशिष्ठ वंशजान्विप्रान्निबोध वदतो मम , एकार्षेयस्तु ***प्रवरो*** *वाशिष्ठानां प्रकीर्तितः !!*

____

इस प्रकार प्रवर शब्द से सबंधित अनेको अनगिनत श्लोक प्राचीन ग्रंथो में मिलते है जो बताते है की **प्रवर यानि उत्तम , श्रेष्ठ , गुणवान , विद्वान् , मुख्य , प्रधान व्यक्ति होता है !**

---

२०) प्राकृत काव्यो में प्रवर को पवर जो कालांतर में प्राकृत जनित भाषाओ में पवार कहा गया है ! नागार्जुन कोंडा में मिले शिलालेख का उल्लेख जो इपिग्रपिका इंडिका २० पृष्ठ क्रमांक २२ पर लिखा मिलता है ! इसमें **प्रवर राजा इक्ष्वासु** (श्रीराम के पूर्वज) का उल्लेख है ! वह प्राकृत श्लोक कुछ इस प्रकार है -

*सिधम नमो भगवतो **इखाकू राजा पवर ऋषि सत** पभाव वंस संभावास देव मनुस सव सत हित सुख मग देसिकास ....*

---

२१) स्कन्द पुराण में दिए विष्णु सहस्त्र नाम का एक स्तोत्र -

*वशिष्ठो वामदेवश्च **सप्तर्षि प्रवरो** भृगुः |*
जमदग्न्यो महावीरः क्षत्रियंतकारो ऋषिः || २७ ||

---

२२) महर्षि व्यास द्वारा रचित पुराण केदारखंड में निम्नलिखित श्लोक मिलता है -

*जातो हि **प्रवरे वंशे** इक्ष्वाकोर्वे महात्मन: !*
पराक्रम च वंशं च सर्व जानाम्यहं तव !! ५७!!

*जातोऽसि **प्रवरे वंशे** सूर्यस्य परमात्मनः ।*
पितृभक्तिरतो विष्णौ शिवे च समतां गतः ।। ६८ ।।

***23)* गया स्थित प्रपितामहेश्वर मन्दिर का सन १२४० का शिलालेख में कुछ श्लोक इस प्रकार है -**

*क्षत्रिय **प्रवरकुल** सोपथान्वये नाजिहिल गोत्रिना जगत्पाल प्रपितामहेन उत्तर पितामहेन अजयपाल पितृकेन ....*
***नृप प्रवर कुलस्य** धनार्थाया नाजिहिला गोत्रिने श्री जगतपाल प्रपितामहेन...*

---

*24)**महारथी कर्ण चरित्रम -***

दृष्टवैव तं स्वीयतपोबलेन ।
शापास्त्र विक्लान्त समस्त लोकम् ।।
*अभ्युज्जगाम **प्रवरो नृपाणाम्** ।*
राज्ञया समेतः किल कुन्तिभोजः ।। १७ ।।

---

25) पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा पुनर्लिखित मत्स्य पुराण इस किताब के भाग ७७ में पृष्ठ क्रमांक ११० पर श्लोक –

*द्वयख्येयोः मारुतश्चषां त्रयार्षेयः **प्रवरो नृप !***
अंगिराः प्रथमस्तेषां द्वितीयश्च बृहस्पतिः ।।१९।।
*ततीयश्च **भरद्वाजः प्रवराः** परिकीर्तिताः ।*
परस्परमवैवाह्या इत्येते परिकीर्तिताः ।।२०।।

---

26) सोमदेव कृत “कथा सरित सागर” के तरंग १०१ महाभिषेक के १५२ वे श्लोक में प्रवर राजा का उल्लेख आता है -

*प्रियसचिवसमगतः **प्रवरराजा** वृन्दंवितः*
प्रतापमइववैरिनाम, मधुपिबन्नअनेशीदद्दिनं !

<u>प्रवांर , प्रवराय , पोर्वाराय से सबंधित संदर्भ :</u>

27)Epigraphica Indica volume 19 **में दर्ज ताम्रलेख जो नाशिक के पास कालवन में मिला व जो यशोवर्मन राजा के द्वारा लिखवाया गया है! ताम्रलेख के पहले पट्टल में यशोवर्मन लिखते है की उसे मिला वह राज्य धारा (धारा नगर) के प्रवांर राजाओं द्वारा मिला है !**
एपिग्राफिका इंडिका पृष्ठ क्रमांक ७० व ७१ --

*स्वस्ति श्री मन **धारां** मेरु महा गिरी तुंग श्रीगोपमे **प्रवांर** अन्वये अनेक समर संगत: !*

इस ताम्र लेख उल्लेखित श्लोको के अनुवाद में श्री आर डी बनर्जी कहते है --

*The inscription is not dated but refers itself to the reign of a subordinate chief named Yashovarmman .Even the genealogy of this prince, in whose territory the land was granted, is omitted. He is simply introduced as having obtained one-half of the town of Selluka from the illustrious Bhojadeva (I) and as being in the enjoyment of 1,500 villages. This Bhojadeva is said to have defeated the Kings of the Karnnata, Lata and Gurjara countries as well as the lords of Chedi and Komkana and to have mediated on the feet of the illustrious Sindhurajadeva , who cleansed the earth from the mountains to the sea by his wide fame and mediated on the feet of the illustrious Vakpatirajadeva (II) who mediated on the feet of the illustrious Siyakadeva (II) of the **<u>Pramvara family of Dhara.</u>***

२८) **प्रवराय** यह शब्द राजवंशो के प्रवर कितने थे यानि उनके कितने पूर्वज प्रवर थे यह दर्शाता है ! एक प्रवराय , त्री प्रवराय, पंच प्रवराय इन शब्दों का उल्लेख अनगिनत बार शिलालेखो में पाया जाता है ! एपिग्रापिका इंडिका के उल्लेखित शिलालेखो में ज्यादातर सभी भागो में यह शब्द पाया जाता है !

___

२९) अलेक्झांडर से लड़ने वाले पोरस को पश्चिमी जगत पोवार या पौवार राजा कहता है जिसे भारत में पुरु या पोरस कहते है ! भारत में कुछ किताबो में एक किताब है , जिसमे पोरस को पंवार कहा गया है, वह किताब है -Gaṛhavāla aura Gaṛhavāla : itihāsa, purātatva, bhāshā-sāhitya, evaṃsaṃskṛti para kendrita , - Volume 1 - Page 21 के अनुसार -

प्रख्यात ग्रीक इतिहासकार ने पुरवा को पुरुवाराई या पोरवाराई कहा है । समय के साथ - साथ वे पंवार के नाम से पहचाने जाने लगे ।

<u>ग्यारहवी सदी के बाद के कुछ सन्दर्भ</u>

३०) पृथ्वीराज रासो में आबू की पँवार राजकुमारी इच्छीनी के विवाह का वर्णन करता हुआ अध्याय इच्छीनी ब्याह कथा में दोहा ११०

पांवारी *प्रथिराज वर ! पुनि जनवांसे जाइ !*
एक सहस हय ह्थ्थीवर ! दिने तुरत लुटाई !!

रासो के आदि पर्व में दोहा १२४ में चंद बरदाई उस समय की एक प्रचलित पंवारो के उत्पत्ति की कहानी लिखता है !

तब सु रिष बाचिष्ठ , कुंड रोचन रचिता महीं !
धरिया ध्यान जजि होम मध्य बढ़ी सरसा महि
तब प्रगट्यो प्रतिहार , राज तिन ठौर सुधारिय
फुनि प्रगट्यो चालुक्क, ब्रम्हा तिन चाल सुसारिय
<u>पांवार प्रगट्यो बीर वर</u> *, कह्यो रिष पंमार धनु*
चय पुरुष जुड़ किनौ अतुल नाह रषषस पुद्धन्त तनु !!

श्री ऐ एफ रुडोल्फ द्वारा अनुवादित चंद बरदाई के काव्य पृथ्वीराज रासो में दोहा २१ ***इंद्रवती ब्याह*** *कथा में लिखा है जिसमे उल्लेख आता है की*

*फिरी जानी **पांवार***
राम रघुवंश बिचारी
जीवन जो उब्बरै
तौ मरण केवल संचारी !!
महंकाल बर तित्थ
तित्थ धारा उध्धारी !

---

३१) सी व्ही वैद्य द्वारा लिखित किताब –History of Medieval Hindu India Volume II Early History of Rajput (750 to 1000 AD) page 62 **में उनके विचार लिखे है जो बताते है की परमारों को ब्रम्ह क्षत्र कहा गया क्योंकि उन्होंने अपने प्रवर याद रखे !**

*Kshatriyas who had kept up the memory of their **Pravara Rishis** were called in later times **Bramha-kshatra***

The Paramaras are of the Vasishtha gotra and are supposed to be even born of Vasishtha and hence they are ब्रम्होपेतक्षत्रेणकुलीनाः .The explanation is often given that brahmakshatra may be explained – आदौब्राह्मणः पश्चात्क्षत्रियः !

(ब्रम्हक्षत्र का अर्थ हुआ की पहले ब्राम्हण थे बादमे क्षत्रिय बने और राजा मुंज तथा राजा भोज को ब्रम्हक्षत्र कहा गया है!)

---

32) पौवारा शब्द का अर्थ सन १८३५ में प्रकाशित Asiatic Researches: Or, Transactions of the Society ... Index Page no 155
Pauvara ,a tribe or country** in the north - west of **Bharatas empire

---

33) श्री राजवी अमर सिंह द्वारा लिखित Mediaeval History of Rajasthan- Western Rajasthan page no 13 **के अनुसार**

Parmaras (Pravaras) *are of the Vashishtha Gotra with 3 pravaras.*

———————————————————————————————

34) The Cyclopedia of India and of Eastern & Southern Asia , Third Edition Volume IV, second edition year 1873 . Author – General Edward Balfour

Page 669

POWAR or Puar or Pouar , a section of Rajpoots .

---

35)**Corpus Inscriptionum Indicarum Vol.VII part 2 , Introduction to Inscriptions of The Paramaras , chandellas , Kachchhapaghatas and other two Dynasties etc by Harihar Vitthal Trivedi , Hony Fellow of the epigraphical Society of India , Published by The Director General of Archaelogical Survey of India ,**

Page no 58 –kalvan plate Inscription of the time of Bhojadeva

TEXT[3]

[Metres : Vv. 1-5 and 8 *Anushṭubh* ; v. 6 *Sragdharā* : v. 7 *Upajāti*].

First Plate

1 स्वस्ति [।*] श्रीमां[4] धारायां मेरुमहागिरितुंगशृंगोपमे प्रवांरान्वये[5] अनेकसमरसंघट्ट[सा][6]-

2 धितशत्रुपक्षविस्तृतयस(शो)धवलितदिगंतराल:[7] श्रीसीयकदेवपादानुध्यात: सर[स्व]-

3 तीमुखतिलकभूत: कृतकाव्यमुक्तसायकघूर्म्मा(र्णा)यितसि(शि)र:कविजनशत्त(त्रु)पक्ष-

4 श्री[8]वाक्पतिराजदेवपादानुध्यात: अनेकमहाहवविजितारिजनप्रथितयस(शो)निर्म्मली-

5 कृतसकलधराधरधराजलधिसीमा श्रीसें(सिं)धुराजदेवपादानुध्यात: महाव(ब)लप्रचंडरि-

Remarks Regarding above plate Page 55 –

After the introductory blessing , svasti , the inscription furnishes the genealogy of the ***Pravamra (Paramara) rulers*** *(of Malwa) , naming Siyakadeva , his successor Vakpatirajdeva , his successor*

Sindhurajdeva and His Successor Bhojdeva , all in general terms and supplying the only historical information that Vakpatirajdeva was a poet of high rank and also that Bhojdeva had vanquished the ruler of Karnataka , lata , Gurjjara , Chedi & Konkana . Bhoja's Success over the Karnaatakas obviously refers to the Long drawn war which began from the time of Vakpati Munja and Tailapa .

---

36) Book – Inscriptions of the Paramaras , Chandellas, Kachchapaghatas and two minor Dynasties , Part 1 , Author Mr H V Trivedi , published by Archaeological Survey of India , 1978 ,

Page no 30 –

D C Ganguly suggested that Udyaditya was a distant relation of Bhoja . Relying on the evidence supplied by an inscription dated in the sixteenth Century and found at Udaipur in the Vidisha District , the same scholar held that Udayaditya was the son of Gyata (Jnata) , grandson of Gondala and Great Grandson of Suravira of ***Pravara (Paramara) family****. But the Controversy is set at nought by the statement of the Jainad Stone inscription , which describes Jagaddeva , the son of the Udayaditya as a Nephew of Bhoja . On the evidence of this inscription , H C Ray and V V Mirashi concluded that* ***Udayaditya was a brother of Bhoja .***

---

37) Maharashtra State Gazetteers: Maharashtra – land and its people, Directorate of Government Printing , Stationary & Publication 1953 ,

***Powar – Also called Panwar,Puar, Ponwar and Parmara Rajput*.**

---

38) Book "Hindu World Vol. 2 An Encyclopedic Survey Of Wisdom" Benjamin Walker - ByBenjamin Walker, year 1995,

इस किताब में लेखक पृष्ठ क्रमांक १८६पर वे लिखते है की

The Paramaras are also known as the Pramara , Pavar , Powar , Pawar , Panwar , Ponwar and other variations of the name .

---

39) श्री नामवीर सिंह अपनी किताब में 'पृथ्वीराज रासो भाषा व् साहित्य" में उस समय की भाषा का विश्लेषण करते है जो बिल्कुल सही मालूम पड़ता है -

पृष्ठ क्रमांक 58

मध्यग म की स्थिति - अपभ्रंश की तरह रासो में भी मध्यग म को विकल्प से 'वँ' कर देने की प्रवृति दिखाई पडती है -

कुमारी - कवाँरी

तोमर - तोवँर

पांमार - पावाँर

---

40) श्री राजमणि सरमा द्वारा लिखित "हिंदी भाषा इतिहास व् स्वरूप" इस किताब में पृष्ठ क्रमांक ३३ में

"पा" धातु का अर्थ रक्षा करना होता है !

---

41)श्री पंडित रघुनन्दन शर्मा द्वारा लिखित किताब 'वैदिक सम्पति"के पृष्ठ क्रमांक २९२ पर लिखा मिलता है की

"पा" धातु का अर्थ रक्षा करना होता है तो "पि" धातु का अर्थ रक्षा करने वाला होता है !

---

42)**Mr R. L. Turner** द्वारा लिखित **"A Comparative Dictionary of the Indo-Aryan Languages"इस किताब के पृष्ठ ४९४ में**

संस्कृत शब्द प्रवर का अर्थ best यानि सर्वश्रेष्ठ बताया गया है ! पाली व् प्राकृत में इसे पवर कहा गया है जिसका अर्थ उत्तम होता है !

___

43) **Raja Yudhisthira: Kingship in Epic Mahabharata , year By Kevin McGrath** इस अंग्रेजी किताब में उल्लेख आता है -

Arjuna and Krishna advance against the pravara 'champion' of the Magadhas.

___

44) कश्मीर के कवि कल्हण द्वारा रचित राजतरंगिनी नामक काव्य के चतुर्थ तरंग में एक श्लोक आता है जिसमे मनु मान्धाता श्रीराम इनको प्रवर राजा कहा गया है !

*मनु मान्धाता रामादया बभूवु: **प्रवरा नृपा** !*
अन्वभावि तदग्रेऽपि ब्राम्हानैर्न विमानना !!

*स्कन्धेऽधिरोप्य निश्चेष्टिकृत **प्रावार भूषणः** ।*
नन्दद्भिः सोपहासंतै: सुज्जेरयं व्यनीयत ।
प्रच्छाद्य सत्ववान् वनं सोशकेनैव नोऽर्चितः ।
वृहद्राजवेत्युक्त्वा तस्मै स्वान्यंशुकान्यदात् ।१८९५

45) सन १९७७ में Rajasthani Hindi sabdaKosh Volume 2 - इस किताब में बद्रीप्रसाद सकारिया लिखते है की -

परमार - राजपूतो की एक जाती पँवार / शत्रुओ का नाश करनेवाला

___

46)A Dictionary of Urdū, Classical Hindī, and English By John Thompson Platts (written year 1884) **, में पृष्ठ क्रमांक २७५ पर पंवार शब्द का अर्थ एक राजपूत जाती का नाम बताया गया है !**

---

४७) "शेखावत और उनका समय" इस किताब में श्री रघुनाथसिंह शेखावत सन १९९८ में पृष्ठ क्रमांक ८ पर लिखते है -

" *विभिन्न सूत्रों के प्रवराध्यायो का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है की किसी कुल के* ***प्रवर ऋषि वे पूर्वज है जिन्होंने ऋग्वेद के सूक्त रचे*** *और उनके द्वारा अग्नि की स्तुति की ! यज्ञ करने वाला यजमान अग्नि से प्रार्थना करता है की - हे अग्ने ! ऋग्वेद के सूक्तो से जिन्होंने आपकी स्तुति की उनका मै वंशज हु !"*

---

४८) जय नारायण असोपा द्वारा सन १९७६ में लिखित ORIGIN of RAJPOOTS में वे लिखते है -

They led the defence by taking up Shastra (arms) in place of shastra (scriptures) and thus achieved Paramarata (efficiency of killing enemies) ***It may be mentioned here that Powar is a geographical name which is borne by a number of communities who lived in this territory .***

---

४९) श्री फ्रांसिस मेसन डी . डी द्वारा सन १८६८ में लिखित किताब PALI GRAMMER के पृष्ठ क्रमांक १७१ / १७२में pavara surasura इस पाली शब्द का उल्लेख आता है ! **पवर** सुरासुर *यानि **उतम** श्रेष्ठ सुर व् असुर ऐसा लिखा मिलता है !*

---

५०) सन १८७२ में श्री Monier Williams द्वारा लिखित A Sanskrit - English Dictionary के अनुसार

पृष्ठ क्रमांक ६४४ -
Pravara – Most excellent , chief , principal , best , prominent , distinguished , exalted , eminent , better , greater , eldest

---

५१) **Transactions of the American Philosophical Society , Volume 40 Part 4 (Year 1950)**

THE NALARAYADAVADANTICARITA (ADVENTURES OF KING NALA AND DAVADANTI) A WorK IN OLD GUJARATI, **Edited and translated with a grammatical analysis and glossary** इस किताब के पृष्ठ क्रमांक ३५६ में श्री Mr. ERNEST BENDER (South Asia Regional Studies Department and Oriental Studies Department, University of Pennsylvania) शब्दों का अर्थ कुछ इस प्रकार बताते है -

*pavara= 'Excellent' adj., obl. sg.; [**Prakrut - pavara, Sanskrit. pravara]***

पृष्ठ क्रमांक २७४ पर वे पंवारका अर्थ बताते हुए लिखते है–
H. Pamvara , cf.BP pavara (43) 'excellent'

---

५२) BUDDHIST HYBRID SANSKRITGRAMMAR AND DICTIONARY इस किताब के पृष्ठ क्रमांक ३३८ में श्री FRANKLIN EDGERTON, (Sterling Professor ofSanskrit and Comparative Philology, Yale University) पवर का निम्नलिखित अर्थ बताते है -

pavara (**= Pali id., MIndic for Skt. pravara), excellent**

---

53) संदर्भ - THE JOURNAL OF THE ASIATIC SOCIETY, BENGAL EDITED BY THE SECRETARY. VOL. IX. PART I.—JANUARY TO JUNE, year 1840.

पेज ७४८

मध्य प्रदेश स्थित उदयपुर (जिला विदिशा) नीलकंठेश्वर मन्दिर शिलालेख का २ रा श्लोक -

श्रीमान पावार वंस्यो नृपतिंच विवुध मालवंराज्य *क्रीत्वा विढाता सुरवीर भवतिषलभिढ़ैत पापिनां भुषरहा।*

----

54) The Asiatic Journal and Monthly Register for British India and its Dependencies – Vol 15 January to June 1823 published from London –

Page no 9 - **Sir John Melcom Report on central India** –

The Rajpoots or Military class of Hindus , form a great Part of the population of Malwa . Some of these families trace there origin to a very early period . In the oldest record of Malwa , the rulers were the Chaur (must be Tuar) and ***Powar Rajpoots****. And so late as the eleventh Century . , it appears that great part of the Mewar and western Malwa were in possession of the Rajpoot Race .*

___

55) Book – **Travels in Western India , a Visit to The sacred mounts of the Jains and the most Celebrated Shrines of Hindu Temples between Rajpootana and the Indus , with an account of the ancient city of Nehrwalla** , published after death of Colonel James Todd in year 1839 –

Page 218 –

